**आरोप** | विस्थापितों का फूटा गुस्सा, आज से खदान गेट पर अनिश्चितकालीन धरना और काम बंद आंदोलन की चेतावनी

# जेएमएस माइनिंग कंपनी पर शोषण व वादाखिलाफी के आरोप



**अनूपपुर, नवभारत 26 मई।** जिले के जेएमएस माइनिंग कंपनी द्वारा उरतान एवं उरतन नॉर्थ कोल माइंस परियोजना (ग्राम बसखला वा ठोडहा) के खिलाफ स्थानीय विस्थापित आदिवासी किसानों, मजदूरों और कर्मचारियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है।

कंपनी पर स्थानीय भूमिपुत्र कर्मचारियों के साथ शोषण, रोजगार में भेदभाव, लिखित समझौते से मुकरने और आंदोलन दबाने के लिए धमकियां देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रभावित ग्रामीणों और कर्मचारियों ने कलेक्टर अनूपपुर, पुनर्वास एवं व्यवस्थापन समिति तथा प्रशासन को 26 मई को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल उक्ति मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

### उपजाऊ जमीन अधिग्रहित की गई

विस्थापितों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 27 मई से कंपनी गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना, काम बंद आंदोलन और व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2022-23 में उरतान एवं उरतान नॉर्थ कोल माइंस परियोजना के लिए उनकी उपजाऊ जमीन अधिग्रहित की गई थी।

### जमीन हमारी, मुनाफा कंपनी का, लेकिन रोजगार नहीं

कंपनी प्रबंधन और आरआर नीति के तहत विस्थापित परिवारों को स्थायी रोजगार, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब हालात इसके उलट दिखाई दे रहे हैं। विस्थापित परिवारों का कहना है कि कंपनी स्थानीय युवाओं को नजरअंदाज कर बाहरी लोगों को रोजगार दे रही है। जिन किसानों ने अपनी जमीन दी, उन्हीं के परिवार आज रोजगार और सम्मान के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### करोड़ों रुपये का कोयला उत्पादन हो रहा

ग्रामीणों का कहना है कि उनकी जमीन पर करोड़ों रुपये का कोयला उत्पादन हो रहा है, लेकिन विस्थापितों को न तो स्थायी रोजगार मिल रहा है और न ही सुरक्षित कार्य वातावरण। इससे क्षेत्र में गहरा असंतोष फैल गया है।

### प्रशासन तक पहुंचा मामला एसडीएम ने मांगा जवाब

मामला बढ़ने पर आंदोलनकारियों ने 18 मई को एसडीएम कोतमा को शिकायत सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की। इसके बाद प्रशासन ने 22 मई को कंपनी प्रबंधन को निर्देश जारी कर 27 मई तक जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। हालांकि कर्मचारियों का आरोप है कि प्रशासनिक निर्देशों के बावजूद कंपनी का रवैया नहीं बदला और आंदोलन से जुड़े कर्मचारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

### लिखित समझौते से पीछे हटने का आरोप

कर्मचारियों के अनुसार 24 मार्च को कंपनी प्रबंधन को मांगों से संबंधित लिखित ज्ञापन सौंपा गया था। लंबे समय तक कोई जवाब नहीं मिलने पर 3 मई को कंपनी परिसर में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। आंदोलनकारियों का कहना है कि इसके बाद हुई बैठक में कंपनी प्रबंधन ने सात दिनों के भीतर भर्ती, सुरक्षा और वेतन संबंधी मुद्दों पर लिखित जवाब देने का आश्वासन दिया था। बैठक की एमओएम पर हस्ताक्षर भी किए गए, लेकिन बाद में कंपनी अपने वादों से पीछे हट गई।

### प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

प्रभावित लोगों ने जिला प्रशासन और आरआर कमेटी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। साथ ही विस्थापित परिवारों को रोजगार, वेतन पुनरीक्षण, वैधानिक भत्ते, सुरक्षा और आरआर नीति के तहत मिलने वाले सभी अधिकार सुनिश्चित करने की अपील की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिला प्रशासन स्थानीय भूमिदाताओं और विस्थापित परिवारों के हितों की रक्षा करे तथा कंपनी द्वारा कथित आर्थिक दमन और धमकी की नीति पर तत्काल रोक लगाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से उम्मीद जताई है कि उन्हें न्याय मिलेगा और उनके हक एवं सम्मान की रक्षा की जाएगी।



## पीएम किसान सम्मान निधि का दिलाया जाए लाभ

**▸ जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने 73 आवेदको की सुनीं समस्याएं**

**अनूपपुर, नवभारत 26 मई।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने जिलेभर से प्राप्त 73 आवेदन पत्रों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी, डिप्टी कलेक्टर प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और आवेदकों की समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान तहसील कोतमा के ग्राम बुढ़ानपुर निवासी राजेश सोनी ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग की। ग्राम राजाकछार निवासी इन्द्रवती महरा ने सीमांकन कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

### वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कराने की मांग

इसी प्रकार तहसील अनूपपुर के ग्राम पगना निवासी लौंगी बाई चौधरी ने वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कराने तथा तहसील जैतहरी के ग्राम मनिकपुर निवासी कमलेश राठौर ने नक्शा तरमीम कराने संबंधी आवेदन जनसुनवाई में सौंपे। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने, खसरे में सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## 20 वर्ष की उम्र में असित तिवारी ने रचा नया कीर्तिमान

**कैट में 99 पर्सेंटाइल के बाद आईआईएम शिलाँग में चयन ज़मुना-कोतमा क्षेत्र गौरवान्वित**

**जमुना-कोतमा नवभारत 26 मई।** एसईसीएल ज़मुना-कोतमा क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का अवसर उस समय बना जब क्षेत्र में पदस्थ श्री अक्षय कुमार तिवारी के पुत्र असित तिवारी का चयन देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान आईआईएम शिलॉन्ग में एमबीए अध्ययन हेतु हुआ। कम उम्र में मिली इस बड़ी उपलब्धि ने न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और एसईसीएल परिवार को गौरवान्वित किया है।

असित तिवारी ने देश की प्रतिष्ठित कैट (कॉमन एडमिशन टेस्ट) परीक्षा में 99 पर्सेंटाइल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके बाद उन्होंने



साक्षात्कार प्रक्रिया भी सफलता पूर्वक पूर्ण की। उल्लेखनीय है कि देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों से अवसर मिलने के बावजूद असित ने अपनी आगे की पढ़ाई के लिए आईआईएम शिलॉन्ग को चुना।

### असित का शैक्षणिक सफर उपलब्धियों से भरा रहा

असित का शैक्षणिक सफर शुरू से ही उत्कृष्ट उपलब्धियों से भरा रहा है। 12वीं कक्षा के बाद उनका चयन इंटीग्रेटेड बीबीए+एमबीए कार्यक्रम के अंतर्गत आईआईएम रोहतक एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड (आईआईएफटी) में हुआ था। उन्होंने आईआईएफटी से अपनी स्नातक शिक्षा पूरी करते हुए लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन बनाए रखा।

### सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया

असित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ अपने नाना योगेन्द्र द्विवेदी सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर तथा बड़े पिता शरद तिवारी सेवानिवृत्त संचालक, छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन और प्रेरणा को दिया। डायरेक्टर एचआर बिरंची दास सर को असित तिवारी ने विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनकी नीतियों एवं सक्रियता से एसईसीएल कर्मियों के बच्चे उच्च शिक्षा में प्रवेश प्राप्त कर रहे हैं।

### जिला चिकित्सालय को मिली 50 नई सुविधाएं

**अनूपपुर, नवभारत 26 मई।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला प्रशासन ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर को 25 आधुनिक व्हीलचेयर एवं 25 स्ट्रेचर उपलब्ध कराए हैं। यह सामग्री मोजर बेयर पावर कंपनी द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के तहत प्रदान की गई है। कलेक्टर के विशेष प्रयासों से मिली इस सुविधा से अब अस्पताल आने वाले बुजुर्ग, दिव्यांग एवं गंभीर मरीजों को राहत मिलेगी। अस्पताल परिसर में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को यह सामग्री सौंपते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## जनजाति कार्य विभाग में आरटीआई कानून की अनदेखी

**प्रथम अपील के बाद भी नहीं जारी हो रहे आदेश**

**अनूपपुर, नवभारत 26 मई।** मध्य प्रदेश सरकार जहां सुशासन और पारदर्शिता के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं अनूपपुर जिले का जनजाति कार्य विभाग सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की खुलेआम अनदेखी करता नजर आ रहा है।

विभाग में सूचना मांगने वाले आवेदकों को न केवल समय पर जानकारी नहीं मिल रही, बल्कि प्रथम अपील की सुनवाई के बाद भी महीनों तक आदेश जारी नहीं किए जा रहे हैं। इससे विभाग की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरटीआई अधिनियम के तहत यदि लोक सूचना अधिकारी




(पीआईओ) निर्धारित समय में जानकारी उपलब्ध नहीं कराता, तो आवेदक प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है।

### नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का हो रहा हनन

नियमानुसार अपीलीय अधिकारी को सुनवाई कर समय-सीमा में आदेश जारी करना होता है, लेकिन अनूपपुर के जनजाति कार्य विभाग में स्थिति बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है।

यहां प्रथम अपील की सुनवाई तो कर ली जाती है, मगर उसके बाद आदेश जारी ही नहीं किए जाते। आवेदक हफ्तों और महीनों तक कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इससे न केवल आरटीआई कानून की भावना प्रभावित हो रही है, बल्कि नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का भी हनन हो रहा है। स्थानीय आरटीआई कार्यकर्ताओं और सूत्रों का आरोप है कि विभाग के लोक सूचना अधिकारी की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है।

### करोड़ों के बजट पर उठ रहे सवाल

जनजाति कार्य विभाग के पास हर वर्ष करोड़ों रुपये का बजट आता है, जिसका उपयोग आदिवासी विकास योजनाओं, छात्रावास संचालन, छात्रवृत्ति वितरण और निर्माण कार्यों में किया जाता है। आरटीआई के जरिए मांगी जाने वाली अधिकतर जानकारियां इन्हीं खर्चों और योजनाओं से जुड़ी होती हैं। ऐसे में प्रथम अपील के बाद भी आदेश जारी नहीं होना इस आशंका को मजबूत करता है कि विभाग में वित्तीय अनियमितताओं और संभावित भ्रष्टाचार से जुड़ी जानकारियों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

### एक नजर में



### क्रेशर से चोरी गई बैटरी बरामद, दो गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** पुलिस चौकी सरई ने चोरी की गई बैटरी बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी को नोटिस देकर पाबंद करते हुए रिहा किया। जानकारी के अनुसार ग्राम सरई निवासी फरियादी मोती नायक ने थाना करनपठार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके धेना नायक स्टोन क्रेशर ग्राम तरंग में खड़े डग्गी वाहन क्रमांक एमपी 65 जीए 2624 से अज्ञात चोर बैटरी चोरी कर ले गए। घटना 22 मई की रात से 23 मई की सुबह के बीच की बताई गई। फरियादी ने ग्राम तरंग निवासी सुनील पनिका पर संदेह जताया था। रिपोर्ट पर थाना करनपठार में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पूछताछ के दौरान संदेही सुनील पनिका ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने चोरी की बैटरी धर्मदास चौधरी निवासी बगदरा को बेचने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई बैटरी एवं मोटरसाईकिल बरामद की, जिनकी कुल कीमत लगभग 52 हजार रुपये बताई गई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**अनूपपुर, नवभारत।** थाना करनपठार पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार 23 मई को 15 वर्षीय नाबालिग बालिका अपने माता-पिता के साथ थाना करनपठार पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि रिश्तेदारी में आयोजित एक शादी कार्यक्रम के दौरान ग्राम देवरी निवासी प्रकाश सिंह धुर्वे एवं नान्हू सिंह मरावी उसे जबरन एक घर में ले गए। आरोप है कि कमरे में बंद कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रकाश सिंह ने बालिका के साथ दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार बरकरे के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराते हुए तत्काल कार्रवाई की और दोनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



### भाजपा का जिला प्रशिक्षण महा अभियान शुरू

**अनूपपुर, नवभारत।** अमरकंटक स्थित कल्याण आश्रम में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वाराजिला प्रशिक्षण महा अभियान का शुभारंभ प्रदर्शनी उद्घाटन के साथ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, अमरकंटक प्राधिकरण के अध्यक्ष राजेंद्र भारती, भाजपा जिला प्रभारी संजय साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम तथा जिला प्रभारी दिलीप पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण महा अभियान के प्रथम सत्र में मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार एवं प्रदेश की मोहन यादव सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा ईद-उल-जुहा

**▸ कोतमा थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित**

**कोतमा नवभारत 26 मई।** आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) के त्यौहार को शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के मद्देनजर कोतमा थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

यह बैठक प्रभारी थाना प्रभारी श्याम लाल मरावी के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। बैठक में मौजूद नगर पालिका प्रतिनिधि रवि सोनी ने बताया कि त्यौहार के मद्देनजर ईदगाह स्थल और बनियाटोला मस्जिद के आस-पास साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही नमाजियों की सहूलियत के लिए टेंट, कुर्सी और टेबल की समुचित व्यवस्था भी नगर पालिका द्वारा कराई जाएगी।



### इस्लाम गंज मस्जिद में सुबह 8 बजे होगी नमाज

नमाज का निर्धारित समय इस्लाम गंज मस्जिद में सुबह 8 बजे, ईदगाह स्थल में 8.30 बजे, बाजार मस्जिद में 7.45 बजे एवं बनिया टोला मस्जिद 7.30 बजे नमाज पढ़ी जावेगी। बैठक के दौरान विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में अदा की जाने वाली नमाज के समय की जानकारी भी साझा की गई, जो इस प्रकार है:बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने की मांग।

### विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

बैठक में उपस्थित नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से अपील की कि त्यौहार के दौरान क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था (बिजली आपूर्ति) को पूरी तरह दुरुस्त रखा जाए, ताकि नमाजियों और आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में कोतमा तहसीलदार, नगर पालिका कोतमा प्रतिनिधि रवि सोनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बद्री ताम्रकार के साथ-साथ क्षेत्र के प्रमुख नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 जून तक अवकाश घोषित

**अनूपपुर, नवभारत 26 मई।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश पर जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी, तेज धूप और हीटवेव (लू) के प्रकोप को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 25 मई से 31 मई तक स्थानीय स्तर पर अवकाश रहेगा। इसके बाद 1 जून से 15 जून तक शासन द्वारा घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी रहेगा। इस प्रकार अब आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की गतिविधियां 16 जून से पुनः शुरू होंगी। हालांकि अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को छुट्टी नहीं रहेगी। उन्हें प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक केंद्र में उपस्थित रहकर विभागीय रिकॉर्ड संधारण एवं अन्य शासकीय कार्यों का संपादन करना होगा।




## कोतमा में फूटा जैन समाज का आक्रोश, निकाला मौन जुलूस

**कोतमा नवभारत 26 मई।** रीवा में बीते दिनों दो जैन साध्वियों को कार से कुचले जाने की हृदयविदारक घटना के विरोध में पूरे देश के साथ-साथ अब कोतमा नगर में भी जैन समाज का आक्रोश फूट पड़ा है। इस कथित सोची-समझी हत्या की वारदात के विरोध में समस्त जैन समाज के तत्वावधान में नगर में एक विशाल एवं ऐतिहासिक मौन जुलूस निकाला गया।

जैन समाज के प्रतिनिधियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि आर्यिका माता (साध्वियां) सड़क के बिल्कुल किनारे शांतिपूर्वक पैदल विहार कर रही थीं। इसके बावजूद कार चालक ने पूरी खाली सड़क को छोड़कर जानबूझकर साध्वियों के ऊपर कार चढ़ा दी और फिर गाड़ी को वापस रोड की तरफ मोड़कर भाग निकला। समाज का साफ कहना है कि यह महज एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि एक सोची-समझी क्रूर हत्या है।

### नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा मौन जुलूस

हाथों में तख्तियां लिए और चेहरे पर गहरा आक्रोश लिए हजारों की संख्या में समाजजन कोतमा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरे। पूरे रास्ते समाज ने मौन रखकर इस बर्बरता के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया और प्रशासन को शांतिपूर्ण तरीके से संदेश दिया।

**नया रिकॉर्ड** | बनाया नया रिकॉर्ड, एमपीपीजीसीएल के इतिहास में पहली बार दर्ज हुई यह उपलब्धि, तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण

# 600 दिनों से लगातार धड़क रही चचाई प्लांट की 210 मेगावाट यूनिट

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) के इतिहास में अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन चचाई ने एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। प्लांट की 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट ने लगातार 600 दिनों तक बिना किसी रुकावट के बिजली उत्पादन कर एक अभूतपूर्व महा-रिकॉर्ड कायम किया है।

यह उपलब्धि एमपीपीजीसीएल के इतिहास में पहली बार दर्ज हुई है, जब किसी यूनिट ने इतने लंबे समय तक बिना बंद हुए संचालन किया हो। जानकारी के अनुसार यूनिट की यह ऐतिहासिक यात्रा 1 अक्टूबर 2024 से शुरू हुई थी, जो आज भी निरंतर जारी है। बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञ इसे तकनीकी दक्षता, अनुशासन




और मजबूत संचालन प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण मान रहे हैं।

### प्रदर्शन के शानदार आंकड़े

इस रिकॉर्ड अवधि के दौरान यूनिट ने कार्यकुशलता के कई नए मानदंड स्थापित किए हैं। प्लांट उपलब्धता कारक 98.81 प्रतिशत, प्लांट लोड फैक्टर 95.6 प्रतिशत, सहायक बिजली खपत मात्र 9.28 प्रतिशत रहा। इन आंकड़ों को थर्मल पावर सेक्टर में बेहद उत्कृष्ट प्रदर्शन माना जा रहा है।

### तकनीकी टीम की मेहनत लाई रंग

एमपीपीजीसीएल के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस सफलता का श्रेय चचाई प्लांट की ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस टीम, मजबूत प्रिवेंटिव मेंटेनेंस प्रणाली, डिजिटल मॉनिटरिंग और सटीक योजना को दिया है। उन्होंने कहा कि इतनी लंबी अवधि तक बिना ग्रिड ट्रिपिंग, तकनीकी खराबी या फोर्स आउटेज के थर्मल यूनिट चलाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य होता है।

### उपभोक्ताओं को मिला लाभ

इस उपलब्धि से प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बड़ी मजबूती मिली है। यूनिट के लगातार चालू रहने से मध्यप्रदेश के उपभोक्ताओं को निर्बाध और अपेक्षाकृत सस्ती बिजली उपलब्ध कराने में मदद मिली है। साथ ही यह प्रदर्शन अब एमपीपीजीसीएल की अन्य उत्पादन इकाइयों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत और बेंचमार्क साबित होगा।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) नीरज मंडलोई तथा एमपीपीजीसीएल प्रबंधन ने चचाई प्लांट की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य की ऊर्जा जरूरतों को मजबूती प्रदान करता रहेगा।